Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 30-08-2005
Participants : Dangawas Shri Bhanwar Singh

Title : Regarding drought situation in Nagaur District in Rajasthan.

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : अध्यक्ष महोदय, मैंने इसी सत्र में करीब दस दिन पहले आग्रह किया था कि राजस्थान के नागौर जिले में अकाल की स्थिति बन रही है और आज यह स्थिति है कि अधिकतर क्षेत्रों में खरीफ की फसल या तो बोई नहीं गई और अगर बोई गई तो पुनः बरसात नहीं होने के कारण वह सूख रही है। अध्यक्ष महोदय, इस प्रकार किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है, क्योंकि बुआई में जो उनका खर्च हुआ, वह सब बर्बाद हो गया। पूरे क्षेत्र से पशुपालक पलायन कर रहे हैं और किसान भुखमरी का शिकार हो रहे हैं। कुछ फसलों जैसे, कपास आदि को कुओं की सिंचाई से बचाया जा सकता था, परंतु विद्युत आपूर्ति भी पूर्णरूपेण नहीं मिल रही है, क्योंकि राज्य में विद्युत उत्पादन राज्य के लिए पर्याप्त नहीं है। मैंने नागौर जिले में यूसीजी भूमिगत कोयले को जलाकर विद्युत उत्पादन करने की बात उर्जा मंत्री जी से कही थी, लेकिन उन्होंने पूरा उत्तर न देकर साधारण तौर पर कह दिया कि हो जाएगा। महोदय, इस योजना की ओर ध्यान दें, तो उचित रहेगा।

नदियों को जोड़ने की योजना का लाभ सबसे पहले राजस्थान को मिलना चाहिए। मेरी प्रार्थना है कि इस भीाण अकाल में राहत कार्य आरंभ करें तथा सूखे और भुखमरी से मर रही जनता को आत्मदाह से बचाने की कृपा करें और धन की सहायता दें, जिस प्रकार से स्पेशल पैकेज सुनामी व मुंबई में बाढ़ के तहत दिए गए हैं, उसी तरह यहां भी सहायता सुनिश्चित की जाए। धन्यवाद।

MR. SPEAKER: Shri Sunil Khan, you are allowed to raise only one matter and that is about the BBUNL.